उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 18.12.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 18.12.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 18.12.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "मिशन शक्ति 5.0 : जनपद महोबा में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सतत प्रयास"

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 18.12.2025 को जनपद महोबा में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा स्थानीय ग्राम पंचायतों एवं समुदायों में चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया तथा उनकी समस्याओं के त्वरित एवं विधिक निस्तारण हेतु जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के उद्देश्यों—महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन—को जन-जन तक पहुँचाने के लिए टीमों द्वारा सतत प्रयास किए गए।

थानों की एंटी-रोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीमों ने बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपद के थानों में संचालित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की।

साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों तथा महिला सुरक्षा कानूनों के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। कार्यक्रमों के दौरान निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइनों महिला हेल्पलाइन : 1090, आपातकालीन सेवा : 112, चिकित्सा सहायता : 108, बाल सहायता नंबर : 1098, साइबर हेल्पलाइन : 1930, साइबर शिकायत : cybercrime.gov.in की जानकारी भी दी गई।

इन सेवाओं के उपयोग हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि पुलिस हर समय उनके साथ है और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के माध्यम से महोबा पुलिस का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करना है।









## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 18.12.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



## थाना चरखारी पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा करने वाले 07 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 18.12.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 विशाल बाजपेई व उ0नि0 संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित फर्जीवाड़े के मामले में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 202/2025 धारा 318(4)/338/336(3) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 07 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.राजेन्द्र कुमार पुत्र परमेश्वरी दयाल उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम लुहारी थाना चरखारी जनपद महोबा 2.सतेन्द्र कुमार पुत्र कमलेश राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष 3.कमलेश कुमार पुत्र प्रभुदयाल उम्र करीब 45 वर्ष 4.सक्षम पुत्र कमलेश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण नटर्रा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा 5.रामस्वरुप पुत्र लक्ष्मन उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा 6.आशाराम पुत्र भुजबल उम्र करीब 33 वर्ष निवासी मु0 गोविन्दनगर कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा 7. CSC (संचालक) कमलकिशोर पुत्र मानिकचन्द्र उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम नटर्रा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को रतनसागर तालाब रोड वनविभाग गेट के पास थाना चरखारी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा एक योजना के तहत अन्य अभियुक्तगण के साथ मिलकर सरकारी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर कूटरचित दस्तावेज लगाकर अनुचित बीमा कराया गया था। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है। उपरोक्त मुकदमें में पूर्व में कई लोगों की गिरफ्तारी की गई है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है, जो भी इन कार्यों में संलिप्त पाये जाते है। उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 विशाल बाजपेई 2.उ0नि0 संजय कुमार सिंह 3.कां0 दीपेन्द्र यादव
4.कां0 निशान्त पटेल 5.कां0 अजय यादव 6.कां0 पंकज कुमार 7. हे0कां0 श्यामकिशोर

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.राजेन्द्र कुमार पुत्र परमेश्वरी दयाल उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम लुहारी थाना चरखारी महोबा
2.सतेन्द्र कुमार पुत्र कमलेश राजपूत उम्र करीब 25 वर्ष नि0 नटर्रा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
3.कमलेश कुमार पुत्र प्रभुदयाल उम्र करीब 45 वर्ष नि0 नटर्रा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
4.सक्षम पुत्र कमलेश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी नटर्रा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
5.रामस्वरुप पुत्र लक्ष्मन उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा
6.आशाराम पुत्र भुजबल उम्र करीब 33 वर्ष निवासी मु0 गोविन्दनगर थाना कुलपहाड़ महोबा
7.CSC (संचालक) कमलकिशोर पुत्र मानिकचन्द्र उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम नटर्रा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 18.12.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा ने निर्माणाधीन महिला थाना का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

आज दिनांक 18.12.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर के समीप निर्माणाधीन महिला थाना महोबा का क्षेत्राधिकारी श्री गौरव उपाध्याय के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला थाना भवन के निर्माण की वर्तमान प्रगति, संरचनात्मक गुणवत्ता तथा महिला-केंद्रित आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित की जा रही व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया।

निरीक्षण में यह पाया गया कि महिला थाना भवन का अधिकांश निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा शेष अवशिष्ट कार्यों एवं आवश्यक सुविधाओं को चिन्हित करते हुए कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए।

**पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए–**

- महिला शिकायतकर्ताओं के लिए सुरक्षित, गोपनीय, संवेदनशील एवं सुविधाजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाए।
- परामर्श कक्ष, प्रतीक्षा कक्ष, रिकॉर्ड रूम, ड्यूटी ऑफिस, बैरक एवं अन्य आवश्यक कक्षों का निर्माण मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुरूप पूर्ण किया जाए।
- विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, पेयजल, अग्नि सुरक्षा एवं समग्र सुरक्षा व्यवस्थाएँ पूर्णतः दुरुस्त, सुचारु एवं उच्च गुणवत्ता की हों।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि प्रस्तावित महिला थाना भवन अत्याधुनिक, सुरक्षित एवं महिला-अनुकूल सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे महिला संबंधी प्रकरणों के त्वरित, प्रभावी, संवेदनशील एवं भरोसेमंद निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं समयबद्धता का कठोरता से पालन करते हुए शेष समस्त कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु कड़े निर्देश प्रदान किए।









## मिशन शक्ति अभियान 5.0 :- परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से 15 दंपतियों के जीवन में लौटी खुशियाँ "संवाद है समाधान – परिवार बने सम्मान"



मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित *परिवार परामर्श केन्द्र* के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई।

आज दिनांक 18.12.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में *परिवार परामर्श केन्द्र* का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना, उ0नि0 निकिता शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 15 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान हेतु संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप कई पति-पत्नी पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है।

परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

परामर्श कार्यक्रम के दौरान म0उ0नि0 निकिता शुक्ला, म0कां0 रेखा देवी, म0कां0 प्रीती देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, नेहा चंसौरिया, विभा पुरवार, रामजी गुप्ता, शिव कुमार गोस्वामी एवं मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।